कार्यक्रम में डा. दीप्ति चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजगता और उनके विरुद्ध होने वाले यौन शोषण, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक आदि हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि हत्या, मारपीट, यौन शोषण ही हिंसा नहीं है, बल्कि चींखना, चिल्लाना, डराना, धमकी देना, किसी की सोच निर्णय को जबरदस्ती मनवाना भी हिंसा है। इस मौके पर विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. ब्रज भूषण, डाक्टर विशाल, बिजेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, डाक्टर प्रदीप सहित आदि मौजूद रहे।



कांधला मे श्रम विभाग के शिविर मे पंजीकरण कराते लोग • जागरण

# अधिकारों के प्रति सचेत किया

29/11/18

अमर उजाला ब्यूरो / पृष्ठ-03

कांधला। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा निवारण दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में डॉक्टर दीप्ति चौधरी ने कहा कि यह दिवस महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजगता और उनके विरुद्ध होने वाले यौन शोषण, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक आदि हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि हिंसा करने वाला हमारा परिचित अथवा अनजान कोई भी हो सकता है। हत्या, मारपीट, यौन शोषण हीं हिंसा नहीं है, बल्कि चीखना, चिल्लाना, डराना, धम्की देना, किसी की सोच निर्णय को जबरदस्ती बदलवाना भी हिंसा की श्रेणी में आता है। विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. ब्रजभूषण, डॉ. विशाल, बिजेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, डॉ. प्रदीप, डॉ. पंकज आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान 29/11/18 पृष्ठ सं. 06

# छात्राओं को महिला हिंसा के प्रति किया जागरूक

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा निवारण अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस दौरान महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों के प्रति जागरूक किया गया।

बुधवार को कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा निवारण अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस मौके पर डाक्टर दीप्ति चैधरी ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजगता और उनके विरूद्ध होने वाले यौन शोषण, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक आदि हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। प्राचार्य डाक्टर अतुल शर्मा ने कहा कि हिंसा करने वाला हमारा परिचित अथवा अनजान कोई भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हत्या, मारपीट, यौन शोषण हीं हिंसा नहीं है, बल्कि चीखना, चिल्लाना, डराना, धमकी देना, किसी की सोच निर्णय को जबरदस्ती बलवाना भी हिंसा है। इस मौके पर विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डाक्टर ब्रज भूषण, डाक्टर विशाल, बिजेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, डाक्टर प्रदीप सहित आदि मौजूद रहे।

जनवाणी 09/9/2018

# लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका विषय पर प्रतियोगिता

**कांधला :** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वाधान में छात्राओं में मतदान जागरूकता को बढ़ाने हेतु सशक्त लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने सशक्त भारत हेतु सशक्त महिला की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वाति जैन, द्वितीय स्थान पर शिवानी, तृतीय स्थान पर नरगीस, महविश हेमा ठाकुर संयुक्त रूप से विजयी रहीं। विजयी छात्राओं को डाक्टर विशाल, डाक्टर दीप्ति चौधरी, अंशु और प्राचार्य डाक्टर अतुल शर्मा के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उधर, शामली के श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता सप्ताह में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारो सदनों ने सुंदर-सुंदर रंगोली बनाई। निर्णायक मंडल मे अपाला व घोषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गार्गिस ने द्वितीय व मैत्रीय सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डा. रूचिता ढाका ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

P. Kum

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
काँधला (शामली) उ०प्र०

मुजफ्फरनगर, रविवार, 7 मार्च 2021 8

# महिला महाविद्यालय में हुई सम्मान गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (महिला सुरक्षा एवं सम्मान) विषय विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कई अतिथियों सहित छात्राओं ने भाग लिया।

शनिवार को आयोजित विचार गोष्ठी में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने प्राचार्या प्रमोद कुमारी के साथ सहभाग किया। गोष्ठी में डॉक्टर प्रदीप कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए जिससे वह स्वस्थ रहेंगी एवं उनके अंदर आत्मविश्वास आएगा। क्रीडा के क्षेत्र में उनके पास अनेक अवसर उपलब्ध है बस उनके प्रयास की आवश्यकता है। डॉसुनील कुमार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु हमें महिलाओं की आर्थिक क्षेत्र में मजबूत करना होगा जिसके लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। डॉ विशाल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को शिक्षित करना होगा और परंपरागत शिक्षा के साथ रोजगार मूलक शिक्षा भी उन्हें प्राप्त करनी होगी। डॉक्टर बृजेश राठी ने कहा कि सरकार द्वारा बहुत से प्रयास एवं योजनाएं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिए चल रही हैं और उन्हें इन योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबर्स का लाभ लेना चाहिए। डॉ पंकज कुमार ने कहा कि महिलाओं के लिए संतुलित आहार सबसे अधिक आवश्यक है क्योंकि उनके ऊपर अपने परिवार की भी जिम्मेदारी होती है। उन्हें अस्वस्थ खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए और यथासंभव प्रतिदिन अपने लिए व्यायाम हेतु समय निकालना चाहिए। डॉक्टर बृज भूषण ने छात्राओं को योग एवं प्राणायाम पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है गोष्ठी के अंत में प्रोफेसर प्रमोद कुमारी ने कहा कि महिलाएं तभी सशक्त हो सकती हैं जब वह स्वावलंबी बनेंगी और इसके लिए आवश्यक है कि छात्राओं को अपने अंदर निहित प्रतिभा को निखारें और अपनी प्रतिभा के अनुसार ही अपने कौशल का विकास कर उद्यम के रूप में अपनाएं। बिना आर्थिक स्वतंत्रता के आत्मनिर्भरता किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। समाज को भी छात्राओं के लिए एक स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को कहा कि उनके जीवन का उद्देश्य असीमित होना चाहिए। इस पद का उद्देश्य नहीं है शांत भवन में टिके रहना, किंतु पहुंचना उस मंजिल तक जिसके आगे राह नहीं। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ के डॉ दीप्ति चौधरी एवं सीमा सिंह द्वारा किया गया।

दैनिक जागरण 16-3-2021

# जरूरी काम में ही हो मोबाइल का इस्तेमाल

संवाद सूत्र, कांधला : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

मोबाइल फोन का उपयोग छात्राओं के हित में है या नहीं विषय पर आयोजित परिचर्चा में छात्रा सुमन ने कहा कि मोबाइल फोन के उपयोग से छात्राओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। इससे पढ़ाई और देश-दुनिया की जानकारी मिलती है। छात्रा स्वाति ने कहा कि मोबाइल का उपयोग हमारे नजरिए पर निर्भर करता है। मोबाइल में अच्छाई और बुराई दोनों हैं। यह हम पर निर्भर करता है कि हमें किस दिशा में जाना है। छात्रा मानसी ने योगी सरकार के अश्लील वीडियो एवं कंटेंट पर रोक लगाने के निर्णय की सराहना की। डा. रामायण राम ने कहा कि बच्चों में मोबाइल की आदत माता-पिता से लगती है। वे अपने घर और कार्यालयों का काम मोबाइल पर निपटाते हैं। मोबाइल बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक नुकसान पहुंचा रहा है। 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को मोबाइल के उपयोग से बचना चाहिए। प्राचार्य प्रमोद कुमारी ने मोबाइल के उपयोग की सीमा निर्धारित करने की वकालत की। यह छात्राओं के हित में है। बच्चों के अंदर पढ़ने व लिखने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। मोबाइल का ज्यादा उपयोग करने वालों में अक्सर कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों हो जाती है। परिचर्चा में सीमा सिंह, डा. पंकज कुमार, बृजेश राठी, विनोद कुमार मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 16 मार्च 2021



कांधला राजकीय महिला महाविद्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे भाग लेती छात्राएं • जागरण

# बालिकाओं को दी विभिन्न जानकारी

संवाद सूत्र, कांधला : छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को विशेष जानकारी दी गई। बुधवार को कांधला क्षेत्र के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम के तहत महिला प्रकोष्ठ ने छात्राओं को स्वस्थ संतुलित आहार हेतु परामर्श के लिए गृहविज्ञान विभाग प्रभारी डा. सीमा सिंह का एक विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। उन्होंने छात्राओं को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने निर्धारित खाद्य पदार्थों के वर्गीकरण के विषय में विस्तार से बताया। संतुलित आहार में सभी पोषक तत्वों का समावेश आवश्यक है। बालिकाओं में आमतौर पर पाए जाने वाली एनीमिया एवं कुपोषण जैसी बीमारियों से सावधानी व बचाव के बारे में बताया। अपने परिवार की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के उपायों के विषय में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या प्रमोद कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार एवं उचित खानपान अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। बालिकाओं में सबसे ज्यादा खून की कमी पाई जाती है। भोजन में आयरन व कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थ सम्मिलित करें।

दैनिक जागरण 4 मार्च 2021

दैनिक जागरण 4 मार्च 2021

प्राचार्य

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

2018-19

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

अमर उजाला ब्यूरो 9/9/2018

शामली। भारत विकास परिषद लक्ष्मीबाई महिला शाखा द्वारा शनिवार को वीवी इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर निबंध प्रतियोगिता और चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने कहा कि आठ सितंबर को साक्षरता दिवस मनाया जाता है। निरक्षरता अंधेरे के सामान है और साक्षरता प्रकाश के समान। अच्छा जीवन व्यतीत करने के लिए पढ़ाई बेहद जरूरी है। मौके पर चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 से सत्येंद्र ने बालिकाओं को हेल्प लाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कॉलेज प्रबंधक संजय संगल, प्रधानाचार्य एसके आर्य, पिंकी अग्रवाल, रेखा मौजूद रहे।



वीवी इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमर उजाला

उधर, कांधला कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वाधान में नारा लेखन प्रतियोगिता हुई। शनिवार को कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने सशक्त भारत हेतु सशक्त महिला की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वाति जैन, द्वितीय स्थान पर शिवानी, तृतीय स्थान पर नरगिस, महविश हेमा ठाकुर संयुक्त रूप से रही। विजयी छात्राओं को डाक्टर विशाल, डाक्टर दीप्ति चौधरी, अंशु और प्राचार्य डाक्टर अतुल शर्मा ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



राजकीय महिला महाविद्यालय में जागरूक करतीं छात्राएं। अमर उजाला

---

yuvameerut@mrt.jagran.com पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण मेरठ, 9 सितम्बर 2018




कांधला महाविद्यालय में स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर खड़ी छात्राएं • जागरण

## छात्राओं ने आमजन को मतदान के प्रति चेताया

संवाद सूत्र, कांधला : कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वावधान में छात्राओं में मतदान जागरूकता को बढ़ाने हेतु सशक्त लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शनिवार को कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने सशक्त भारत हेतु सशक्त महिला की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वाति जैन, द्वितीय स्थान पर शिवानी, तृतीय स्थान पर नरगीस, महविश हेमा ठाकुर संयुक्त रूप से विजयी रहीं।

विजयी छात्राओं को डाक्टर विशाल, डॉ. दीप्ति चौधरी, अंशु और प्राचार्य डाक्टर अतुल शर्मा के पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कांधला (शामली)

---

मुजफ्फरनगर बुलेटिन 09/09/2018



विद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। —फोटो बुलेटिन

## महिलाओं की भूमिका पर नारा लेखन प्रतियोगिता

कांधला, ८ सितम्बर (बु.)। कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब के तत्वावधान में छात्राओं में मतदान जागरूकता को बढ़ाने हेतु सशक्त लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने सशक्त भारत हेतु सशक्त महिला की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्वाति जैन, द्वितीय स्थान पर शिवानी, तृतीय स्थान पर नरगीस, महविश हेमा ठाकुर संयुक्त रूप से विजयी रहीं। विजयी छात्राओं को डाक्टर विशाल, डाक्टर दीप्ति चौधरी, अंशु और प्राचार्य डॉक्टर अतुल शर्मा के पुरस्कार देकर

# लैंगिक असमानता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**अमर भारती संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ के द्वारा लैंगिक असमानता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने सहभाग किया। महाविद्यालय की छात्राओं रजनी, अंजली, प्रतिभा, प्रियंका, नेहा, ज्योति आदि ने लैंगिक असमानता के विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अपने अनुभव सभी के समक्ष प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में उपस्थित गृहविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ अंकिता त्यागी ने उक्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में बहुत सारे स्तरों पर हमें लिंग के आधार पर असमानता देखने को मिलती है, परंतु इस समस्या को दूर करने के लिए हमारे युवा वर्ग को पहल करनी पड़ेगी और एक बदला हुआ भारत सबके समक्ष लाना होगा। डॉ लक्ष्मी गौतम ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में हमें स्त्री और पुरुष के बीच में बहुत कम अंतर अथवा समानता देखने को मिलती है। परिवार एवं समाज की स्त्री पुरुष के विषय में सोच में बदलाव आ रहा है। आज हर परिवार अपनी बेटी को बेटे के समान शिक्षा एवं प्रगति के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराता है।

जिससे कि उसकी बेटी किसी भी क्षेत्र में पिछड़ नहीं पाए। डॉक्टर नयना शर्मा ने कहा कि समाज की सोच में बदलाव आ रहा है और आज स्त्रियाँ हर कदम पर पुरुषों का साथ दे रही हैं। समाज रूपी गाड़ी तभी अच्छे से चल सकती है जब स्त्री पुरुष दोनों ही पहिए सबल और सक्षम हो। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दीप्ति चौधरी के द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय



समाज में बालिकाओं को बालकों से अधिक चरित्रवान एवं संस्कारवान बनाने की कोशिश की जाती है। यदि हम अपने परिवार में अपने लड़कों को भी वही संस्कार एवं चरित्र विकसित करने के लिए प्रेरित करेंगे तो अवश्य ही हमारा समाज एक सुरक्षित एवं आदर्श समाज बन जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर बृजभूषण ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बड़े सहज शब्दो में बताया कि कैसे प्रकृति द्वारा पुरुष एवं स्त्री को भिन्न बनाया गया है। समाज देशकालीन परिस्थितियों के अनुसार स्त्री पुरुष के अधिकारों में असमानता करता है। परंतु इसी प्रयास में कभी-कभी स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का हनन भी हो जाता है। हमें लिंग के आधार पर अनावश्यक असमानता से बचना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में छात्राओं को लैंगिक असमानता को खत्म करने हेतु सकारात्मक प्रयास का शुभारंभ अपने घर एवं परिवार से करने के लिए प्रेरित किया।अंत में डॉ बृज भूषण द्वारा छात्राओं एवं प्राध्यापकों को बालिका सुरक्षा एवं सम्मान हेतु शपथ ग्रहण कराई गई।



सडक सुरक्षा को लेकर पोस्टरों का प्रदर्शन करती छात्राएं

छाया: हरित शक्ति

# सड़क सुरक्षा को लेकर बनाएं संदेश पोस्टर

## राजकीय महिला महाविद्यालय कांधला में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

(हरित शक्ति संवाददाता)

**कांधला।** गुरुवार को कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में



सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डा लक्ष्मी गौतम के निर्देशन में नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियम व सावधानियां के विषय में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा ने प्रथम स्थान, मनु ने द्वितीय स्थान व तनु सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही रेंजर्स विभाग के द्वारा रेंजर्स प्रभारी डा दीप्ति चौधरी के निर्देशन में सड़क सुरक्षा विषय पर सुंदर पोस्टर बनाकर छात्राओं ने यातायात नियमों का संदेश प्रसारित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की तनु पवार, द्वितीय स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की आरती उपाध्याय एवं तृतीय स्थान पर बी.एस. सी. प्रथम वर्ष की कामना मित्तल व बी.ए. द्वितीय वर्ष की साक्षी सैनी सामूहिक रूप से रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रुप में डा विशाल कुमार, डा बृजेश राठी, डा पंकज चौधरी व विनीता रही। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. श्रीमती प्रमोद कुमारी ने सभी विजेताओं के नाम घोषित करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम छात्राओं के मध्य यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूकता फैला सकते हैं।

# आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया

## प्राचार्या प्रो. प्रमोद कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को रवाना किया



**कांधला/सियासी तक़दीर ब्यूरो**

कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चौरी-चौरा शताब्दी समापन समारोह व आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रमोद कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को रवाना किया। प्रभात फेरी महाविद्यालय से प्रारंभ होकर मोहल्ला गुजरान रायजादगान होती हुई श्री हीरालाल शिव मंदिर से होती हुई महाविद्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली में अपना देशप्रेम दर्शाते हुए छात्राओं ने 'चौरी चौरा के शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान', 'महात्मा गांधी अमर रहे', 'देश के शहीद अमर रहे', 'बापू तेरा बलिदान याद करेगा हिंदुस्तान' आदि नारे लगाए। महाविद्यालय में डॉ. पंकज चौधरी, संयोजक चौरी चौरा व आजादी का अमृत महोत्सव ने छात्राओं को चौरी चौरा क्रांति के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि इस क्रांति का देश के स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष महत्व है क्योंकि इसमें स्थानीय जनता ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध विद्रोह किया था। इसमें पं. मदन मोहन मालवीय के प्रयासों से 172 लोगों को सजा से मुक्ति दिलाई गई। केवल 19 लोगों को ही फांसी की सजा हुई।

प्राचार्या प्रोफेसर प्रमोद कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने दुखी होकर असहयोग आंदोलन को इसलिए वापस लिया था क्योंकि गांधी जी अहिंसा के द्वारा ही आंदोलन चलाकर आजादी प्राप्त करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि आज हमें गांधीजी के विचारों को अपनाकर समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। छात्राओं को गांधीजी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओं ने 'स्वतंत्रता आंदोलन में चौरी चौरा का इतिहास' दर्शाते हुए सुंदर पोस्टर बनाएं।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एकता सैनी (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर सामूहिक रूप से आरती उपाध्याय (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं तनु पवार (बी.ए. द्वितीय वर्ष) रही। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से बी.ए. द्वितीय वर्ष की आंचल एवं काजल रही।

कार्यक्रम में डॉ दीप्ति चौधरी, प्रभारी रेंजर्स एवं डॉ लक्ष्मी गौतम, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज जी द्वारा किया गया।

# महाविद्यालय में साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद ने मनाया शिक्षक दिवस

**● राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त तत्वाध्यान में शिक्षक दिवस का आयोजन**

अमर भारती संवाददाता

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त तत्वाध्यान में शिक्षक दिवस का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर बृजभूषण ने की। इस उपलक्ष में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण ने शिक्षा जगत की भूमिका के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए।

डॉक्टर अंकिता त्यागी ने इस अवसर पर अपने शिक्षकों को याद करते हुए कहा कि यदि भविष्य में हमारे विद्यार्थी भी हमारे अच्छे व्यवहार एवं कार्य को याद करेंगे तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। डॉक्टर विनोद कुमार ने शिक्षक शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि शिक्षा जगत की प्रगति एवं उद्देश्य पूर्ति हेतु शिक्षक एवं शिष्य दोनों का ही समर्पण होना आवश्यक है। शिक्षार्थी व शिक्षक एक गाड़ी के दो पहिए के समान है और भारत के विकास के लिए दोनों को ही आगे बढ़ना आवश्यक है। डॉ विशाल कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान का भंडार होने पर भी हमारा भारत शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में हमारे भारत को आगे लाने के लिए बहुत से परिवर्तनों की आवश्यकता है। छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अपना कैरियर चुनना चाहिए और इसके लिए सतत् प्रयास करना चाहिए। डॉक्टर बृजभूषण ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रद्धांजलि देते हुए पुरातन एवं अद्यतन शिक्षा व्यवस्था के विषय में विस्तार से वर्णन किया। पूर्ण



साक्षरता हेतु भारतवर्ष में निरंतर प्रयास किया जा रहा है एवं पूर्ण साक्षर भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

शिक्षक और विद्यार्थी यदि दोनों अपने कर्तव्य पर अधिक ध्यान देंगे तो हम अवश्य ही सफल होंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नयना शर्मा के द्वारा किया गया। शिक्षक दिवस के आयोजन के उपरांत महाविद्यालय की छात्राओं हेतु महिला प्रकोष्ठ के द्वारा एक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में छात्राओं ने अपने कैरियर एवं सामाजिक वातावरण संबंधी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं के

> ● हमारे भारत को आगे लाने के लिए बहुत से परिवर्तनों की आवश्यकता है। छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अपना कैरियर चुनना चाहिए और इसके लिए सतत् प्रयास करना चाहिए।

विषय में प्राध्यापकों से चर्चा की। डॉ दीप्ति चौधरी एवं सदस्य सीमा सिंह एवं डॉ लक्ष्मी गौतम द्वारा उनकी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं के विषय में सुझाव देने का प्रयास किया गया। डॉ बृजभूषण ने छात्राओं को तनाव निस्तारण हेतु अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं के विषय में बताया। कार्यक्रम में डॉ बृजेश राठी, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ पंकज कुमार, डॉ रामायण राम, डॉ पंकज चौधरी, डॉ विजेन्द्र,सुश्री विनीता, डॉ श्याम आदि भी उपस्थित रहे।

अपने हाथ बार-बार
साबुन और पानी से धोएं

छींकते और खांसते समय
मुंह को रूमाल से ढंक कर रखें

अमर भारती
एक उम्मीद

02 उप्र चुनावः भाजपा का चुनावी गणित...

नई दिल्ली, वर्ष : 17, अंक : 153, पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रु . 04 प्रदेश, 06 संस्करण
www.amarbharti.com
रविवार, 26 सितम्बर 2021, शक सम्वत् 1943, आश्विन, कृष्ण, पंचमी, विक्रम सम्वत् 2078



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर महाविद्यालय में गोष्ठी का आयोजन

**अमर भारती संवाददाता।**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। प्राचार्या प्रो. श्रीमती प्रमोद कुमारी ने समस्त प्राध्यापकगण के साथ पं. दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित किये।

इस अवसर पर एकात्म् मानव वाद की प्रासंगिकता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. विनोद कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि उन्होंने एकात्ममानववाद का राजनीतिक दर्शन दिया जो भारत को स्वतन्त्रताप्राप्ति के बाद शुचितापूर्ण राजनीति की राह दिखाता है।

उनकी मान्यता है कि यूरोप का राष्ट्रवाद , पूंजीवाद, साम्यवाद या समाजवाद भारत की राजनीति में प्रवेश कर भारत को उन्नत नहीं बना सकते। बल्कि हमारी स्व संस्कृति ही भारत को उसका गौरव दिला सकती है, लोगों के जीवन को सुखमय बना सकती है, और सम्पूर्ण विश्व में शान्ति स्थापित कर सकती। महिला प्रकोष्ठ के द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला उद्यमिता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।



कार्यशाला में महिला प्रकोष्ठ की सदस्या डॉ. अंकिता त्यागी के निर्देशन में गृहविज्ञान विषय की छात्राओं शिवानी, कीर्ति, कोमल, निकिता, सलोनी, पायल, अमरीन, अलीना, आरुषि, शीबा, समून आदि की सहभागिता के साथ पूर्ण हुई।

गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने अपने हस्तनिर्मित सूट, चादर, कुशन, फूल, मेजपोश आदि की सुंदर प्रदर्शनी आयोजित की। डॉ अंकिता ने अपने व्याख्यान में छात्राओं के साथ नारी स्वावलम्बन के विषय में चर्चा करते हुए उन्हे आत्मविश्वास एवं सकरात्मक सोच के साथ अपनी क्षमता एवं कला को लघु उद्योग के रुप में अपनाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही लघु उद्योग आरम्भ करने हेतु उपलब्ध अन्नपूर्णा योजना, स्त्री शक्ति योजना, मुद्रा योजना आदि अनेक सरकारी ऋण योजनाओं के विषय में भी छात्राओं को जानकारी दी। व्याख्यान के उपरान्त परामर्श सत्र में डॉ दीप्ति चौधरी, डॉ लक्ष्मी गौतम, डॉ नयना शर्मा, डॉ विनीता आदि ने छात्राओं की महिला उद्यमिता से संबंधित समस्याओं हेतु सुझाव दिए।

कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 प्रमोद कुमारी ने अपने वक्तव्य में पं दीन दयाल उपाध्याय जी के जीवन परिचय के विषय में बताया। 25 सितंबर 1916 को मथुरा के एक गाँव मे उनका जन्म हुआ। उनके जन्म के दो वर्ष के पश्चात ही उनके पिता का देहांत हो गया।

उसके कुछ ही समय बाद उनकी माता का भी टी.बी. से निधन हो गया था। वे बहुत मेधावी छात्र थे। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा भी पास की, लेकिन उन्होंने अपना जीवन समाज व राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर डॉ. रामायन राम ने संचालन किया और डॉ . बृजभूषण, डॉ बृजेश राठी, डॉ विशाल कुमार, डॉ विजेंद्र सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ श्याम बाबू, आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सत्यभाष संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम संचालन कर रही डा० दीप्ति चौध ारी (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ) ने छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के संक्षिप्त इतिहास का वर्णन किया गया। महिला दिवस के अवसर पर एक नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फरहा, शिवानी, खुशबू, तहूरा, सदफ, आरती, कलश की टीम प्रथम स्थान पर एवं महक, सानिया, मुस्कान, एकता, स्नेहा, नैयर, शालू की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में आयशा, सरिता, कोमल, निशा आदि छात्राओं ने अपने गीत आदि की प्रस्तुति दी। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शारीरिक शिक्षा में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शिवानी वर्मा प्रथम, तहुरा अंजूम द्यद्वितीय एवं फरहा तृतीय स्थान पर रही।

# पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर एंव आकर्षक पोस्टर बनाकर युवा शक्ति को दर्शाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** (फुरकान जंग) कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा सप्ताह के अंतर्गत रेंजर्स विभाग के तत्वाधान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा सप्ताह के अंतर्गत गुरूवार को युवा शक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर एंव आकर्षक पोस्टर बनाकर युवा शक्ति को दर्शाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नरगिस, द्वितीय स्थान पर नीलम और स्वाती जैन व तृतीय स्थान अंजली सैनी ने प्राप्त किया। साहित्य सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान महिलाओं को सरकारी अथवा गैर सरकारी नौकरी करनी चाहिए या नहीं विषय में शिवानी राठी और यशी गर्ग ने प्रथम, वसुंधरा ने द्वितीय व स्वाति जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद धार्मिक मान्यताए भारतीय समाज के लिए वरदान है या अभिशाप में शिवानी राठी प्रथम, यशी गर्ग द्वितीय जबकि संध्या चौहान तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वामी विवेकानंद विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में गुलशन ने प्रथम, स्वाति जैन द्वितीय व सोबिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वामी विवेकानंद का जीवन एंव कार्य पर निबंध प्रतियोगिता में शिवानी राठी प्रथम, संध्या ने द्वितीय व इकरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेंजर्स प्रभारी डाक्टर दीप्ति चौधरी, प्राचार्य अतुल शर्मा, बृजभूषण, डाक्टर विनोद कुमार, डाक्टर सीमा सिंह, विजेंद्र सिंह, बृजेश राठी, सुनील कुमार सहित आदि मौजूद रहे।





पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती हुई छात्राएं।

# धूमधाम के साथ अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया

**अमर भारती संवाददाता**




**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रमोद कुमारी ने छात्राओं एवं प्राध्यापकों को शपथ दिलाई की %हम सब साक्षरता अभियान में अपना भरपूर सहयोग देंगे। हम अपने परिवार को ही नहीं बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी साक्षर करने का प्रयास करेंगे।

साक्षरता दिवस अंतरास्ट्रीय स्तर पर पूरे विश्व में 8 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिन सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ के यूनेस्को द्वारा 17 नवम्बर 1965 में मनाया गया था। यह दिन हमारे समाज में जागरूकता फैलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य समाज में लोगो के प्रति शिक्षा को प्राथमिकता देने को बढ़ावा देना है। प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में विभिन्न सरकारों ने समाज को पूर्ण रुप से साक्षर करने के लिए अनेकों प्रयास किए हैं।

इस वर्ष से लागू होने वाली नई शिक्षा नीति भी इसी ओर एक कदम है। नई शिक्षा नीति के अनुसार छात्राओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यवाहरिक शिक्षा की ओर जागरूक किया जा रहा है।साथ ही एन.एस.एस. एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वाव्धान में आज पोषण माह के अंतर्गत डॉ लक्ष्मी गौतम द्वारा गर्भवती महिलाओं हेतु पौष्टिक आहार के विषय में छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिक डॉ दीप्ति चौधरी,सदस्य श्रीमती सीमा सिंह, डॉ नयना शर्मा, हैल्थ क्लब संयोजिका डॉ अंकिता त्यागी, सदस्य डॉ प्रदीप कुमार, विनीता, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बृजभूषण, डॉ बृजेश राठी आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर गोष्ठी

**अमर भारती संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर प्रमोद कुमारी के द्वारा नेता जी चित्र पर माल्यार्पण किया। गोष्ठी में डाक्टर पंकज चौधरी ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेता जी ने आईसीएस की सेवा को छोड़कर देश की आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन से अपना संबंध बनाया था। डाक्टर बृजेश राठी ने बताया कि नेता जी ने अपने उग्र विचारों के साथ युवा वर्ग में ऊर्जा और जोश भरने के लिए दिल्ली चलो तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा आदि नारों के साथ पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की लहर का संचार किया था। प्राचार्य प्रमोद कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि नेता जी में बुद्धि बल एवं शक्ति बल दोनों हीं था। नेता जी आईसीएस में चौथी रैंक प्राप्त करने पर भी राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ उन्होंने भारतीय राजनीति में प्रवेश किया था। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर दीप्ति चौधरी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के गायन के साथ हुआ।



नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए शिक्षक

## राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सत्यभाष संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम संचालन कर रही डा० दीप्ति चौधरी (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ) ने छात्राओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के संक्षिप्त इतिहास का वर्णन किया गया। महिला दिवस के अवसर पर एक नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फरहा, शिवानी, खुशबू, तहूरा, सदफ, आरती, कलश की टीम प्रथम स्थान पर एवं महक, सानिया, मुस्कान, एकता, स्नेहा, नैयर, शालू की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में आयशा, सरिता, कोमल, निशा आदि छात्राओं ने अपने गीत आदि की प्रस्तुति दी। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शारीरिक शिक्षा में महिलाओं की भूमिका विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शिवानी वर्मा प्रथम, तहुरा अंजूम द्यद्वितीय एवं फरहा तृतीय स्थान पर रही।

अमर भारती
नईदिल्ली, वर्ष: 16, अंक: 272, पृष्ठ: 12, मूल्य: 02 रु. 04 प्रदेश, 06 संस्करण
www.amarbharti.com
मंगलवार, 26 जनवरी 2021, शक सम्वत् 1942 पौष शुक्ल, त्रयोदशी, विक्रम सम्वत् 2077

## विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**अमर भारती संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को मेरा सपना विषय पर लेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नौरीन, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से कनक गुप्ता व तहुरा अंजुम, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से काजल जैन व महविश सैफी ने प्राप्त किया। नारी सुरक्षा सम्मान, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वालंबन विषय पर लेखन प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर साक्षी, द्वितीय स्थान पर कनक गुप्ता व तहुरा अंजुम, तृतीय स्थान काजल ने प्राप्त किया। महाविद्यालय में रेंजर्स विभाग की और से लड़कियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं अधिकारों से संबंधित कानून की थीम चार्ट पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान पर महविश सैफी, द्वितीय स्थान पर खुशबू व तृतीय स्थान पर आरती उपाध्याय रहीं। महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की और से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व्याख्यान का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता पंकज चौधरी ने बताया कि जनसंख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है, साथ हीं राजनैतिक रूप में भी महत्व रखता है। उत्तर प्रदेश की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुई थी, तभी से हमारा प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस दौरान डाक्टर दीप्ति चौधरी, डाक्टर बृजेश राठी, डाक्टर रामायन राम, डाक्टर अंशु सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

# Cultural Activities



# Cultural Activities



rmsmkandhlanews.blogspot.com/2022/01/blog-post.html?m=1

Back To Campus | New Tab | Byju's | | RCMOOCS | Scholarship | (2) WhatsApp | Higher Education |... | Login | TLC Ramanujan Coll






Tuesday, 18 January 2022

# युवा सप्ताह का समापन

प्रकाशनार्थ

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला शामली मे आज दिनांक 18-1-2022 को युवा सप्ताह -2022 का समापन समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय मे 12 जनवरी से 18 जनवरी तक युवा सप्ताह प्रति वर्ष मनाया जाता है। कोविड की तीसरी लहर के कारण महाविद्यालय में ऑन लाइन शिक्षण कार्य किया जा रहा है इस कारण युवा सप्ताह का कार्यक्रम ऑनलाइन किया गया।

आज समापन समारोह के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डा. बृजभूषण ने अपने वक्तव्य मे कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में हिंदुत्त्व व सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप को सामने रखा। उन्होंने यह कहा था कि मुझे पांच युवा सन्यासी मिल जाएं तो मैं भारत को पुन: विश्वगुरु के पद पर आसीन करा दूंगा। उन्होंने कहा कि विवेकानंद के दर्शन को समझने के लिए शिकागो की धर्म संसद मे दिये गए उनके भाषण को अवश्य पढ़ना चाहिए। इस भाषण के अलग अलग सत्रों में उन्होंने भरत की अध्यात्मिक परंपरा का लोहा मनवाया। भारत की मानसिक व बौद्धिक गुलामी से मुक्ति का मार्ग स्वामी जी प्रशस्त किया।

अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो श्रीमती प्रमोद कुमारी ने कहा कि युवा सप्ताह के माध्यम से हर वर्ष पूरे देश में युवाओं को राष्ट्र प्रेम व कर्तव्य भावना के विकास के लिए जागरूक व प्रेरित किया जाता है। विवेकानंद भारत के स्वाभिमान व अध्यात्मिक श्रेष्ठता के प्रतीक थे। युवाओं को दिये गए स्वामी जी के संदेश को इन काव्य पंक्तियों के माध्यम से व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा - 'इस पथ का उद्देश्य नहीं है शांत भवन मे टिके रहना, किंतु पहुंचना उस मंज़िल तक जिसके आगे राह नहीं। '

प्राचार्या प्रो प्रमोद कुमारी ने युवा सप्ताह के तहत हुई पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। जिसमे प्रथम स्थान पर तनु पँवार बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कलश गुप्ता बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर शालू बीए तृतीय वर्ष रहीं।

इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। अच्छी संख्या में छात्राएं भी जुड़ी रहीं।

rmsmkandhlanews.blogspot.com/2021/01/blog-post_15.html?m=1

Back To Campus | New Tab | Byju's | | RCMOOCS | Scholarship | (2) WhatsApp | Higher Education |... | Login | TLC Ramanujan Co






Friday, 15 January 2021

# अंतर्नाद युवा सप्ताह का शुभारम्भ

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांधला शामली मे दिनांक 12-1-2021 को स्वामी विवेकाकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा सप्ताह का शुभारंभ हुआ इसके साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत' संवाद ' कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में शामली जनपद के पुलिस अधीक्षक श्री सुकीर्ति माधव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप उप जिलाधिकारी कैराना उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त प्रभारी, महिला थाना शामली , वन स्टेप सेंटर की प्रभारी गजाला त्यागी व थाना प्रभारी कांधला भी उपस्थित रहे।

युवा सप्ताह के उद्घाटन समारोह के अंतर्गत बौद्धिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। ' भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक चिंतन की विशिष्टता' विषय पर आयोजित इस गोष्ठी के मुख्य वक्ता राजनीति शास्त्र विभाग के प्रवक्ता डा. पंकज चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज मे व्याप्त धार्मिक पाखंड व अंध विश्वास को दूर कर भारतीय वेदांत दर्शन के मूल चेतना को अपनाने का मार्ग दिखाया था। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी कहते थे कि सभी धर्मों का लक्ष्य एक ही है अलग अलग धर्मों मे कोई बेर भाव नहीं है। धर्म का अर्थ है सत्य की शक्ति। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म व संस्कृति एक समावेशी व सहिष्णु विचार का पोषक है। स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि गरीब व वंचित व्यक्ति ही ईश्वर है। यदि हम गरीब मनुष्य की सेवा करते हैं तो वह ईश्वर की सेवा के समान होता है। उन्होंने ईश्वर की परिकल्पना 'दरिद्र नारायण ' के रूप में की थी। वे जाति धर्म व लिंग के आधार पर किसी भी भेद भाव को मान्यता नहीं देते थे।

इसके उपरांत युवा सप्ताह व संवाद कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शामली सुकीर्ति माधव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो श्रीमती प्रमोद कुमारी व अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।